# आदर्श प्रश्न पत्र - 2014
## हिन्दी 'ऐच्छिक'
## कक्षा - XII

**समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

**खण्ड- क**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 15

बहस यह नहीं होनी चाहिए कि कितने रुपये में खाना मिल सकता है। सवाल यह है कि भारत की आबादी में कितने सारे लोग ठीकठाक, सम्मानजनक दिनचर्या पा सकते हैं। शायद इसके लिए हमें तथ्यों को समग्रता में देखना होगा। यह तमाम आंकड़ों से सिद्ध होता है कि भारत में विषमता बढ़ी है, लेकिन यह भी सही है कि उदारीकरण के बाद गरीबी के घटने की रफ्तार भी तेज़ हुई है। विषमता बढ़ने का कारण यह है कि अमीरों की आय ज्यादा तेजी से बढ़ी है, उतनी तेज़ो से गरीबों की आय नहीं बढ़ी है। यह भी तमाम आकंड़ों स सिद्ध होता है कि भारत में भुखमरी कम हुई है और ऐसे लोगों का प्रतिशत भी कम हुआ है, जिन्हें दो वक्त की रोटी नसीब नहीं है। इसके बावजूद ऐसे लोगों की तादाद अच्छी-खासी है, जिनके लिए खाद्य सुरक्षा की जरूरत है। यह बात सरकार भी मानती है, तभी वह खाद्य सुरक्षा अधिनियम लेकर आई है। स्वतंत्र भारत में गरीबी शुरू से ही एक ऐसा राजनीतिक मुहावरा है, जिनके नाम पर वोट बटोरे जा सकते हैं। ऐसे में गरीबी की बहस हमेशा ही असंवेदनशीलता और सनसनी का शिकार हो जाती है। अगर गरीबी पर विचार और बहस-मुबाहिसा संतुलित तथा गरिमामय ढंग से किया जाए, तो इससे गरीबों की गरिमा भी बनी रहेगी और उनकी समस्याओं को हल करना भी आसान होगा।

(क) बहस का मुद्दा क्या नहीं होना चाहिए, क्यों? 2

(ख) तथ्यों को समग्रता में देखने से क्या आशय है? 2

(ग) आँकड़ें किन विरोधी बातों को प्रदर्शित करते हैं? 2

(घ) विषमता बढ़ने का प्रमुख कारण क्या है? 2

(ङ) गरीबी को राजनीतिक मुहावरा क्यों कहा गया? 2

(छ) गरीबी पर संतुलित बहस से क्या लाभ होगा? 2

(ज) उपसर्ग और प्रत्यय छाँटकर लिखिए- असंवेदनशीलता 1

(झ) 'बहस यह नहीं होनी चाहिए कि कितने रुपए में खाना मिल सकता है।' वाक्य का भेद बताइए। 1

(ञ) गति और सम्मानपूर्ण शब्दों का एक-एक पर्याय गद्यांश से चुनकर लिखिए। 1

2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5×1=5

जगजीवन में जो चिर महान
सौंदर्यपूर्ण और सत्य प्राण
मैं उसका स्वामी बनूँ नाथ!
जिसमें मानवहित हो समान।

जिससे जीवन में मिल शक्ति
छूटें भय, संशय, अंधभक्ति,
मैं वह प्रकाश बन सकूँ, नाथ!
मिल जावें जिसमें अखिल व्यक्ति!

पाकर, प्रभु! तुमसे अमर दान,
करने मानव का परित्राण,
ला सकूँ विश्व में एक बार!
फिर से नवजीवन का विहान!

(क) कवि किन विशेषताओं का स्वामी बनना चाहता है?
(ख) कवि जिस प्रकाश को पाना चाहता है उसकी क्या-क्या विशेषताएँ हैं।
(ग) 'नवजीवन का विहान' कथन का क्या आशय है।
(घ) कवि नव जीवन का विहान क्यों लाना चाहता है?
(ङ) काव्यांश का केंद्रीय भाव संक्षेप में लिखिए।

**अथवा**

मैंने कब कहा
कोई मेरे साथ चले
चाहा ज़रूर!
अक्सर दरख्तों के लिए
जूते सिलवा लाया
और पास उनके खड़ा रहा
वे अपनी हरियाली
अपने फूल-फल पर इतराते
अपनी चिड़ियों में उलझे रहे।
मैं आगे बढ़ गया
अपने पैरों को उनकी तरह

जड़ों में नहीं बदल पाया।
यह जानते हुए भी कि आगे बढ़ते जाना
निरतंर कुछ खोते जाना है
मैं यहाँ आ गया हूँ

(क) कवि ने कुछ चाहा, कह नहीं सका, क्यों?
(ख) 'दरख्तों के लिए जूते सिलवा लाया'– आशय स्पष्ट कीजिए।
(ग) पेड़ कवि का साथ क्यों नहीं दे पाए?
(घ) 'आगे बढ़ते जाना निरंतर कुछ खोते जाना है'– कैसे?
(ङ) पैरों को जड़ों में बदलने का क्या तात्पर्य है?

## <u>खंड- ख</u>

3 **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (लगभग 400 शब्द)** 10

(क) उत्तराखंड में जल प्रलय
(ख) लोकतंत्र और चुनाव
(ग) भ्रष्टाचार की समस्या
(घ) मीडिया का उत्तरदायित्व

4 अपने राज्य के परिवहन विभाग के अधिकारी को परिवहन व्यवस्था में सुधार करने का आग्रह करते हुए पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

युवावर्ग में देश प्रेम की भावना के विकास की विवेचना करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

5 प्रमुख संचार माध्यमों का उल्लेख करते हुए लिखिए कि सबसे लोकप्रिय माध्यम क्या है और क्यों? 5

**अथवा**

दूरदर्शन पर समाचार प्रस्तुत करने वाले 'न्यूज़रीडर' में आप क्या-क्या विशेषताएँ होना आवश्यक समझते हैं? क्यों?

6 **निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर एक-दो वाक्य में दीजिए।** 5×1=5

(क) फीचर का एक उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
(ख) हिंदी के किन्हीं दो टी.वी. चैनलों के नाम लिखिए जो समाचारों का निरंतर प्रसारण करते हों।

(ग) संपादकीय किसे कहते हैं?

(घ) विज्ञापन के दो उद्देश्य लिखिए।

(ङ) दैनिक पत्र से आप क्या समझते हैं?

**खंड–ग**

7 **सप्रसंग व्याख्या कीजिए:** 8

सिसपनते फरिहरेहुँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भँगू।।
मैं प्रभुकृपा रीति जिय जोही। हारेहु खेल जितावहिं मोही।।
महूं सनेह सकोच बस सनमुख कही न बैन।
दरसन नमित न अनु लागी, प्रेम पियासे नैन।।

**अथवा**

मैं ने देखा
एक बूंद सहसा
उछली सागर के झाग से;
रंग गई क्षणभर
ढलते सूरज की आग से।
मुझ को दीख गया:
सूने विराट के सम्मुख
हर आलोक - छुआ अपनापन

8 **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** 6

(क) सरोज के नववधू रूप का वर्णन कविता के आधार पर कीजिए।

(ख) 'कार्नेलिया का गीत' के आधार पर भारत की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) विद्यापति की विरहिणी नायिका की तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

9 **किन्हीं दो काव्यांशों का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए–** 6

(क) मामा–मामी का रहा प्यार
भर जलद धरा को ज्यों अपार
वे ही सुख–दुख में रहे न्यस्त
तेरे हित सदा समस्त, व्यस्त।

(ख) अरूण यह मधुमय देश हमारा
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को
मिलता एक सहारा।

(ग) कोई छह बजे सुबह जैसे गरम पानी से नहाई हो
खिली हुई हवा आई, फिरकी–सी आई, चली गई।

**10 सप्रसंग व्याख्या कीजिए–** 6

संवदिया डरकर खाता है और 'अफर' कर सोता है, किंतु हरगोबिन को नींद नहीं आ रही है। ........... यह उसने क्या किया? क्या कर दिया? वह किसलिए आया था? वह झूठ क्यों बोला? नहीं-नहीं सुबह उठते ही वह बूढ़ी माता को बड़ी बहुरिया का सही संवाद सुना देगा।

**अथवा**

स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजेडी यह नहीं है कि शासकवर्ग ने औद्योगीकरण का मार्ग चुना, ट्रेजेडी यह रही है कि पश्चिम की देखा देखी में योजनाएँ बनाते समय प्रकृति मनुष्य और संस्कृति के बीच का नाजुक संतुलन किस तरह नष्ट होने से बचाया जाए - इस ओर हमारे सत्ताधारियों का ध्यान कभी नहीं गया।

**11 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** 8

(क) 'प्रमाण से अधिक महत्वपूर्ण है, विश्वास'-'शेर' कहानी के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) हर की पौड़ी पर होने वाली आरती का वर्णन 'दूसरा देवदास' के आधार पर कीजिए।

(ग) अवकाश वाली घटना के आधार पर नेहरू के व्यक्तित्व पर अपने विचार का वर्णन कीजिए।

12 जयशंकर प्रसाद अथवा केशवदास के जीवन और रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी दो प्रमुख काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**अथवा**

रामचंद्र शुक्ल अथवा रामविलास शर्मा के जीवन और रचनाओं पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए उनकी भाषा शैली की दो विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

**13 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** 4

(क) मालवा की बरसात का वहाँ के जनजीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

(ख) 'बिसकोहर की माटी' में बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?

(ग) तिरलोक सिंह को कौन-सी बात अजीब लगी, क्यों?

14 सैलानी (शेखर और रूप सिंह) घोड़े पर चलते हुए उस लड़के के रोज़गार के बारे में सोच रहे थे जिसने उनको घोड़े पर सवार कर रखा था और स्वयं पैदल चल रहा था। बाल मजदूरों व बाल मजदूरी की कुप्रथा के बारे में आप अपने विचार प्रकट कीजिए। आज हमारे समाज को क्यों बाल मजदूरों को मजदूरी के बंधन से मुक्त कराने की आवश्यकता है? ('आरोहण' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।) 5

15 सूरदास क व्यक्तित्व की तीन विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा** 6

'अपना मलवा .................... के आलोक में पर्यावरण के बारे में अपने विचार विस्तार से व्यक्त कीजिए।

# उत्तर पत्र – 2014

## हिन्दी 'ऐच्छिक'

## कक्षा – XII

**समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

(क) खाना कितने में मिलता है, निरर्थक है (अन्य कारण) 15

(ख) पूरे भारत में गरीबी के परिप्रेक्ष्य में

(ग) विषमता बढ़ी है गरीबी तेजी से घटी भी है

(घ) अमीरों की आय तेजी से बढ़ी है

(ङ) राजनीतिक पद वोट बटोरने के लिए प्रयोग आते हैं

(च) गरिमा बनी रहेगी, समस्याओं का हल

(छ) गरीबी पर बहस

(ज) उपसर्ग – अ, सम्
प्रत्यय – शीलता (एक उपसर्ग एक प्रत्यय पर्याप्त)

(झ) मिश्र वाक्य

(ण) रफ़्तार, गरिमामय

2 (क) सौंदर्य, सत्य, महान, मानवहितकारी 5

(ख) शक्ति देने वाला, भय, संशय से मुक्ति दिखाने वाला

(ग) भारत में नया परिवर्तन, जीवन की नई शुरूआत

(घ) मानव की रक्षा करने के लिए

(ङ) केंद्रीय भाव 2–3 वाक्यों में

**अथवा**

(क) कोई उसका साथ दे, उसे विश्वास नहीं था।

(ख) जड़/स्थिर लोगों को गति देने के लिए।

(ग) वे अपने स्थान पर स्थिर थे जड़े गहरी थी।

(घ) पिछली स्थिति/बातें छोड़कर ही आगे बढ़ा जा सकता है।

(ङ) गतिहीन, जड़ हो गया।

3 निबंध 10

- भूमिका और उपसंहार

- विषयवस्तु (चार बिंदु अपेक्षित)
- भाषा और प्रस्तुति

**4** पत्र **5**

- प्रारुप
- विषयवस्तु और प्रस्तुति
- भाषा

**5** मुद्रित माध्यम, इलैक्ट्रोनिक माध्यम **5**

- इलेक्ट्रॉनिक लोकप्रिय 2 कारण

**अथवा**

- व्यकित्व, शुद्ध-उच्चारण, स्पष्ट आवाज
- विजुअल्स और वर्णन में ताल-मेल आदि।

**6** (क) जानकारी, सोचना **5**

(ख) कोई दो

(ग) संपादक द्वारा लिखा गया प्रमुख लेख

(घ) प्रचार, रोचकता, ध्यानाकर्षण

(ङ) नियमित रूप से रोज प्रकाशित होने वाला समाचार पत्र

**7** **8**

- प्रसंग, संदर्भ
- पूर्वापर संबंध
- काव्य बिंदु
- टिप्पणी/सौंदर्य

**8** (क) नतनमन, प्रकाश के समान उज्ज्वल, कविता के रस के समान आदि **6**

(ख) सबको सहाए, प्राकृतिक सौदर्य, सबका पहुँच का लक्ष्य, आदि

(ग) कोयल, भौरे की आवाज ने सूनने के लिए कान ढक लेती है

- कमल सौंदर्य दिखाई देने पर आँख मूँदना
- दुर्बलता

**9** (क) भाव सौंदर्य- माँ के प्यार की पूर्ति मामा-मामी से **6**

शिल्प- तत्सम शब्दावली, मुक्त छंद

उत्प्रेक्षा, अनुप्रास

(ख) छायावादी कल्पना

भगत की महिमा

मानवीकरण

(ग) आधुनिक कविता

नए उपमान

सरल भाषा

उपमा

**10** व्याख्या **6**

प्रसंग, संदर्भ

कारक

टिप्पणी/भाषा

**11** उपयुक्त उत्तर किन्हीं दो का **8**

प्रत्येक लगभग 30 शब्दों में

**12** जीवन परिचय **6**

रचनाएँ (कम से कम 2)

काव्यगत/भाषाशैली की विशेषताएँ

**13** दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित **4**

**14** मुक्त उत्तर संभव **5**

**15** सूरदास **6**

सरल- निश्छल

परिश्रमी

जीवन को नए सिरे से जीने की ललक

**अथवा**

पर्यावरण पर विचार

(मुक्त उत्तर)